**अरित्र मुखर्जी / मनोज कुमार शर्मा / मीनाक्षी** **21/04**/2026

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकाश

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

मॉनिटरिंग - अरित्र मुखर्जी

**Signature Tune**

नमस्कार**!** प्रादेशिक समाचार के साथ मैं**, मनोज कुमार शर्मा**

आज सुबह लगभग छह बजे कामजोंग में रिक्टर स्केल पर पांच दशमलव दो तीव्रता का भूकंप आया। जिसके झटके गुवाहाटी, ईटानगर और उत्तर-पूर्व भारत के विभिन्न हिस्सों में महसूस किए गए। हालांकि, अब तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई तत्काल सूचना नहीं मिली है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के बीरी ताकार ने BWF Czechia(चेकिया) Para Badminton International 2026 में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता है। यह प्रतियोगिता गत चौदह से उन्नीस अप्रैल तक प्राग में आयोजित की गई। बीरी ताकार ने पुरुष एकल SL4 वर्ग में विश्व रैंकिंग में सोलह स्थान पर जर्मनी के निल्स बोएनिंग को हराकर पहला स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दूसरा स्वर्ण उन्होंने पुरुष युगल SL3-SU5 वर्ग में हासिल किया। इसके अलावा, मिश्रित युगल SL3-SU5 में कांस्य पदक

भी जीता है। पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में उन्होंने छह बार के यूरोपीय खेल पदक विजेता रिकार्ड निल्सन को भी पराजित किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल की जॉनी मांग्खिया ने 15th Silent ज्night International ज्arate Cup 2026 में कांस्य पदक प्राप्त किया। हाल ही में कुआलालंपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन, जिसमें पांचवीं ज्IO राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक भी शामिल है, जिसके आधार पर उन्हें चौबीस से छब्बीस अप्रैल 2026 तक स्पेन में होने वाली वर्ल्ड कराटे-1 सीरीज़ में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी प्राप्त हुआ है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, पासीघाट के प्रतिनिधियों ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की और विश्वविद्यालय के पीएचडी शोधार्थियों के लिए फेलोशिप सहायता तथा बुनियादी परिसर अवसंरचना विकास के लिए उनके हस्तक्षेप का अनुरोध किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने एपीयू प्रतिनिधिमंडल को अवसंरचना संबंधी मामलों में अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया और विश्वविद्यालय को सलाह दी कि वह अपने प्रस्ताव राज्य सरकार तथा संबंधित केंद्रीय पोर्टल के माध्यम से उचित प्रक्रिया से प्रस्तुत करे, ताकि लागू की गई केंद्रीय सरकारी योजनाओं के अंतर्गत

विश्वविद्यालय को लाभ सुनिश्चित किया जा सके। फेलोशिप के मुद्दे पर भी उन्होंने चिंता पर आश्वासन दिया कि वह इस विषय पर संभावनाओं पर विचार करने तथा इसे केंद्रीय शिक्षा मंत्री के साथ चर्चा में लाया जाएगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल राइसिंग कैंपैन 2026 का शुभारंभ आज चाङलाङ जिले में उपायुक्त विशाल साह द्वारा किया गया। इस अभियान में दुलारी कन्या योजना, शिक्षा सहायता उपाय और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डाला गया, जो समग्र कल्याण, समावेशन और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती हैं। साथ ही NDPS अधिनियम, छात्रवृत्ति, यूनिफॉर्म सहायता और महिला सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए तथा जागरूकता वाहनों को भी रवाना किया गया। जिला स्तर पर कार्यक्रमों के माध्यम से दूरदराज के गांवों तक संदेश पहुंचाए गए, जिससे जिम्मेदार, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण को प्रोत्साहन मिला।

0000000000000000000000

अरुणाचल के छात्रों गेयोन तालोम, लुक्स्मी सिकॉम और जेनिफर नेरी का चयन इंडियन स्पेस रीसर्च ऑर्गेनाइज़ेशन (ISRO) के प्रतिष्ठित यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम (युविका) 2026 के लिए किया गया है। युविका दो सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है, जो उच्च विद्यालय के

छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के लिए आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम से अधिक छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) आधारित शोध और करियर अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किए जाने की उम्मीद है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के दो जिलों लोहित एवं नामसाई के लिए ऑरेंज और अन्य ग्यारह जिलों पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, सियाङ, ईस्ट सियाङ, लोअर सियाङ, लेपा रादा, लोअर दिबाङ वैली, आंजाव, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के येलो अलर्ट जारी किया हैं। विभाग के अनुसार इन सभी जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभावना हैं।

0000000000000000000000

ह्युमेन राईट्स काउनसिल ऑफ़ इंडिया (HRCI) द्वारा कल ईटानगर में 'द आर्ट ऑफ ह्यूमन पीस मिशन-2026' पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में राज्य इकाई घोषणा सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2012 में स्थापित HRCI एक पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन है, जो मानवाधिकारों की रक्षा, वंचितों के समर्थन और न्याय व समानता को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए विधायक एवं मुख्यमंत्री के

सलाहकार आलो लिबाङ, ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। सम्मानित होने वालों में ताकू ताचो, श्रीमती यातुम गाङ्काक, श्रीमती अरुणा तातिन एवं ओनिल तातिन को डॉ. बी.आर. अंबेडकर ग्लोबल पीस अवॉर्ड-2026 से नवाजा गया है। इसके अलावा चौदह अन्य को 'द आर्ट ऑफ ह्यूमन पीस मिशन-2026' से सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000

जनगणना दो हज़ार सत्ताइस के लिए गणनाकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पापुम पारे जिले में शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण बालिजन, दोइमुख और सागाली उप-विभागीय मुख्यालयों में विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित किया जा रहा है। बालिजन में बालिजन और सांगदुपोता सर्कल के प्रतिभागी शामिल हैं। दोइमुख में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए सत्र आयोजित हो रहे हैं, जबकि सागाली में सागाली शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों तथा तोरू सर्कल के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का दूसरा चरण तैइस अप्रैल से सागाली, बालिजान और किमिन में शुरू होगा, जबकि घर-घर जाकर गणना एक मई 2026 से शुरू की जाएगी।

0000000000000000000000